युवक ने वीडियो बनाया, सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत

# समोसे में निकला मरा हुआ कॉकरोच

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com



एक युवक ने गरमा गरम समोसा खरीदा। एक टुकड़ा खाते ही उसमें मरा हुआ कॉकरोच दिखाई दिया। युवक ने तुरंत वीडियो बनाकर दुकानदार को इसकी जानकारी दी। दुकानदार ने कहा कि यह गलती से आ गया होगा और वीडियो बनाना है तो बना लो। मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन और खाद्य सुरक्षा प्रशासन से की गई है।

घटना सोमवार को चिकमंगलूर चौराहा स्थित श्रम शिविर के पास की है। इंदौर निवासी पीयूष मौर्य बारिश के दौरान यहां रुके और रतलाम नमकीन से समोसा खरीदा। उन्होंने जैसे ही समोसे का एक टुकड़ा खाया, उसमें मरा हुआ कॉकरोच नजर आया। उन्होंने वीडियो बनाकर दुकानदार को इसकी जानकारी दी। पीयूष के मुताबिक, दुकानदार ने कहा कि कॉकरोच गलती से आ गया होगा। उसने यह भी कहा कि वीडियो बनाना है तो बना लो, इंसान से गलती हो जाती है। इसे जानबूझकर नहीं डाला गया है। मामले को लेकर दोनों पक्षों में कुछ देर बहस हुई। इसके बाद दुकानदार ने शिकायत करने की बात कही। पीड़ित ने खाद्य विभाग में शिकायत दर्ज कराई है। समोसे में कॉकरोच मिलने की शिकायत के बाद दुकान में खाद्य सामग्री की साफ-सफाई और रखरखाव पर सवाल खड़े हो गए हैं। बारिश के मौसम में खाद्य पदार्थों के भंडारण और स्वच्छता को लेकर विशेष सावधानी जरूरी होती है। शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने मामले में कार्रवाई की बात कही है।

# सभी 22 जोन में शुरू हुए 'सफाईमित्र सुरक्षित शहर–स्वास्थ्य कियोस्क'

## कार्यस्थल पर ही होगी नियमित स्वास्थ्य जांच, सीएसआई को मेडिकल उपकरण वितरित

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com



सफाईमित्रों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में इंदौर नगर निगम ने 'सफाईमित्र सुरक्षित शहर–स्वास्थ्य कियोस्क' की शुरुआत की है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशन में सभी 22 जोन कार्यालयों में सफाईमित्रों को कार्यस्थल के निकट ही नियमित स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

सीटी बस ऑफिस में आयोजित कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव की उपस्थिति में संबंधित सीएसआई एवं जोन कोऑर्डिनेटर्स को बीपी मशीन, ब्लड शुगर जांच मशीन और फर्स्ट एड किट वितरित किए गए। साथ ही आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार और सीपीआर का प्रशिक्षण भी दिया गया। स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल एवं अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य कियोस्क में सफाईमित्रों की ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, वजन और पल्स ऑक्सीजन सहित आवश्यक जांच की जाएगी। नियमित जांच से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की प्रारंभिक स्तर पर पहचान कर समय पर चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जा सकेगा।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की चिंता करना निगम की जिम्मेदारी है। सफाईमित्र शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।

कार्यक्रम में मनीष शर्मा मामा, पार्षद कंचन गिदवानी, रूपाली पेंढाकर, राजीव जैन, महेश बेस, भरतसिंह रघुवंशी सहित अन्य पार्षदगण, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई, एनजीओ प्रतिनिधि एवं निगम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इंदौर लोक

# एबीवीपी-एनएसयूआई के सामने जयस उतारेगा उम्मीदवार




चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com

मप्र की कॉलेज राजनीति में अब तक मुख्य मुकाबला भाजपा के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और कांग्रेस के एनएसयूआई के बीच रहा है। लेकिन इस बार छात्रसंघ चुनाव में पहली बार जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) भी सीधे मैदान में उतरने जा रहा है।

जयस ने प्रदेश के सभी कॉलेजों में उम्मीदवार उतारने की तैयारी शुरू कर दी है। संगठन की ओर से खासतौर पर आदिवासी समाज के युवाओं को उम्मीदवार बनाने की रणनीति तैयार की जा रही है। नौ साल बाद मध्य प्रदेश में छात्र संघ के चुनाव होने जा रहे हैं। जयस की छात्र राजनीति में एंट्री से उन कॉलेजों में चुनावी समीकरण बदल सकते हैं, जहां आदिवासी विद्यार्थियों की संख्या बड़ी है। अब तक इन विद्यार्थियों को अपने साथ जोड़ने के लिए एबीवीपी और एनएसयूआई के बीच मुकाबला रहता था। जयस के सीधे मैदान में आने से पहली बार इन दोनों संगठनों के सामने आदिवासी विद्यार्थियों के बीच अपनी पकड़ बनाए रखने की चुनौती होगी। जयस की कॉलेज राजनीति में एंट्री का ऐलान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दे ने रविवार को आदिवासी दिवस के मौके पर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जयस अब कॉलेजों में भी विद्यार्थियों की आवाज बनेगा और छात्रसंघ चुनाव में संगठन अपने उम्मीदवार उतारेगा। जयस छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल बघेल ने बताया कि संगठन पूरे प्रदेश के कॉलेजों में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए जल्द ही कॉलेज स्तर पर विद्यार्थियों से संपर्क अभियान शुरू किया जाएगा।

# महिला से पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com




एरोड्रम इलाके में रहने वाली महिला से पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 10 लाख 8 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। महिला ने इंस्टाग्राम पर जॉब का विज्ञापन देखा था। इसके बाद उसे टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर होटल-रेस्टोरेंट की रेटिंग देने के बदले कमीशन का झांसा दिया गया। शुरुआत में कमीशन के रूप में रकम लौटाकर भरोसा जीता गया, फिर अलग-अलग खातों में निवेश के नाम पर रकम जमा कराई गई।

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक, इति जैन की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ ऑनलाइन ठगी का केस दर्ज किया गया है। इति ने बताया कि जुलाई में वह इंस्टाग्राम चला रही थीं और पार्ट टाइम जॉब की तलाश में थीं। इसी दौरान उन्होंने एक विज्ञापन देखा। उसमें दिए नंबर पर कॉल करने के बाद उन्हें वॉट्सऐप पर मैसेज आया। इसके बाद टेलीग्राम पर ऑनलाइन जॉब और कमीशन मिलने की बात बताई गई। इति को एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। इसमें 'एनएससी रिसपेस्ट' के नाम से एक विज्ञापन आया। होटल-रेस्टोरेंट की लिंक भेजकर उस पर रेटिंग देने की बात कही गई। इस दौरान इति से नाम, पता और अकाउंट की जानकारी भी ले ली गई। शुरुआत में दो रेटिंग देने के बाद 1 हजार रुपए पर 30 प्रतिशत कमीशन देने की बात कही गई। यह भी बताया गया कि जितनी ज्यादा रकम जमा की जाएगी, उतना ही ज्यादा मुनाफा मिलेगा। इसके बाद रिकूमनी दशोरे नाम की युवती के अकाउंट में रकम जमा कराई गई। फिर इति को दूसरे पेज पर जोड़कर उसे प्रोफेशनल पेज बताया गया और अकाउंट में 2 हजार रुपए और जमा करवाए गए। इसके बाद 3900 रुपए मुनाफे के तौर पर वापस दिए गए। एक रेटिंग करने पर 900 रुपए कमीशन भी दिया गया। इससे इति को भरोसा हो गया और उन्होंने आगे भी रकम जमा करना शुरू कर दिया। इति के मुताबिक, इंस्टाग्राम पर बात करने वाले व्यक्ति ने बताया कि कंपनी की ओर से दिए गए एक अकाउंट में सीधे मुनाफा दिखाई देगा। यह रकम कुछ समय बाद निकाली जा सकेगी। इसके बाद इति ने 25 हजार, 15 हजार और 75 हजार रुपए जैसे बड़े ट्रांजेक्शन किए। सभी भुगतान करने के बाद उन्हें 'एनएससी कंट्रोल डिपार्टमेंट' के इंस्टाग्राम पेज पर बात करने के लिए कहा गया। वहां बताया गया कि उनका एनएससी अकाउंट बंद हो गया है। साथ ही कहा गया कि अभी किए गए निवेश की रकम 30 प्रतिशत कमीशन के साथ वापस कर दी जाएगी। इसके बाद इति से अलग-अलग नंबरों पर बात कर रकम जमा कराई गई। इस तरह उन्होंने कुल 10 लाख 8 हजार रुपए अलग-अलग खातों में जमा कर दिए। बाद में उन्हें पता चला कि निवेश के नाम पर उनके साथ ऑनलाइन ठगी हुई है। इति की शिकायत पर एरोड्रम पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 10 लाख की एमडी ड्रग्स बरामद सुपर कॉरिडोर से तस्कर गिरफ्तार



चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com

**पुलिस लगातार ड्रग्स तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच ने सुपर कॉरिडोर पर घेराबंदी कर एक आरोपी को 103.5 ग्राम एमडी (एमडी) ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी के कब्जे से बिना नंबर की काली होंडा हॉर्नेट बाइक भी बरामद हुई है, जिसकी कीमत करीब 1.5 लाख रुपये है।**

पुलिस के मुताबिक, क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंदसौर की ओर से एक तस्कर एमडी ड्रग्स की खेप लेकर इंदौर आने वाला है। सूचना मिलते ही टीम ने सुपर कॉरिडोर पर घेराबंदी कर संदिग्ध एयाज हुसैन को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 103.5 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई।

पूछताछ में शाहनवाज नाम के एक अन्य आरोपी का भी नाम सामने आया है, जो चूड़ियां बेचने का काम करता है। पुलिस का कहना है कि दोनों को लग्जरी लाइफ और हाई-प्रोफाइल पार्टियों का शौक था। जल्द पैसा कमाने की चाह में वे नशे के कारोबार में उतर गए। जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदलते थे और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों का इस्तेमाल करते थे। फिलहाल क्राइम ब्रांच आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि एमडी ड्रग्स की खेप मंदसौर में किससे ली जाती थी, इंदौर में किन लोगों तक इसकी सप्लाई होनी थी और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपी कौन हैं। पुलिस को आशंका है कि पूछताछ के आधार पर आने वाले दिनों में मंदसौर और इंदौर से जुड़े कुछ अन्य तस्करों की भी गिरफ्तारी हो सकती है।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर महिलाओं ने बनाई आकर्षक रंगोलियां




चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com

जिले में हर घर तिरंगा अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विकासखंड सांवेर में आजीविका मिशन से जुड़े स्व-सहायता समूहों की महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। अभियान के अंतर्गत महिलाओं ने अपने गांवों और आसपास के क्षेत्रों में आकर्षक तिरंगा रंगोलियों का निर्माण कर लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया।

# मेहंदी से प्रेमी का नाम हथेली पर लिख युवती ने की आत्महत्या



**चैतन्य लोक, इंदौर।** चंदन नगर क्षेत्र में एक युवती ने आत्महत्या कर ली। यह कदम उठाने से पहले उसने अपने हाथ में मेहंदी से अपने प्रेमी का नाम लिखा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार रात को युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। जब उसकी तबीयत बिगड़ी, तो परिजन उसे अस्पताल ले गए। वहां उसने जहर खाने की बात स्वीकार की। डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन रविवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस को उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन आत्महत्या की वजह प्रेम प्रसंग मानी जा रही है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करेगी, जिससे कारण और स्पष्ट हो सकेगा। चंदन नगर निवासी रानी पिता कन्हैयालाल एक फैक्ट्री में काम करती थी। शनिवार रात को उसने परिवार के लोगों के साथ खाना खाया और फिर मोबाइल पर बात करने के लिए आंगन में चली गई। लौटने के बाद उसने जहरीला पदार्थ खा लिया और सोने चली गई। रात को तबीयत बिगड़ने पर मां जागी और फिर परिजन उसे अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवती की हथेली पर मेहंदी से शंकर लिखा हुआ था। पुलिस ने उसका मोबाइल भी जब्त कर लिया है, लेकिन लॉक होने के कारण अभी उसकी जांच नहीं हो पाई है। पुलिस शंकर नामक युवक से भी पूछताछ करेगी, ताकि आत्महत्या की सही वजह का पता चल सके।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, इंदौर**
**श्री जरनैल हरीसिंह नलवा, झोन क्र. 22**

**जाहिर सूचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री प्रदीप पटेल पिता श्री बद्रीप्रसाद पटेल** वर्तमान सम्पतिधारक ............ द्वारा झोन क्र. 22 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/विक्रय पत्र, पंजीकृत हक्क त्याग, वसीयतनामा, वारिस नाते, पंजीकृत दानपत्र संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नंबर **200007735**, पता- **बी-113, स्काय लक्जुरिया ग्रीन्स, अरंडिया, इन्दौर** पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना का प्रकाशन दिनांक **11/08/2026** से 07 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पति के नामांतरण पर आपति हो तो झोन क्र. 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति शपथ पत्र सहित प्रस्तुत करें।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपति स्वीकार नहीं की जाएगी।

**सहा. राजस्व अधिकारी**
**झोन क्र. 22**
**नगर पालिका निगम, इन्दौर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं **ABHISHAK CHOUKSE (अभिषेक चौकसे)** सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि, पूर्व में मेरे पुत्र का नाम **ABHIRAJ CHOUKSE (अभिराज चौकसे)** था, जिसे बदलकर मैंने उसका नाम **ABHIRAAJ CHOUKSE (अभिराज चौकसे)** कर दिया है, अतः भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

**ABHIRAAJ CHOUKSE**
**S/O ABHISHAK CHOUKSE**
**ADDRESS : A- 118**
**TREASURE FANTASY,**
**NEAR SURYA MANDIR**
**CAT ROAD, RANGWASA,**
**INDORE (M.P.) 453331**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अवयस्क पुत्र का सही नाम **भव्य सावरिया पिता कमलेश सावरिया (BHAVY SANWARIYA S/O KAMLESH SANWARIYA)** है। त्रुटिवश उसके आधार कार्ड में **सांई संवारिया (SAI SAWRIYA)** हो गया है जो कि गलत है। उसे **भव्य सावरिया** के नाम से जाना पहचाना जावे एवं समस्त दस्तावेजों में दर्ज किया जावे।

**कविता सावरिया**
**निवास - 46, कैलाश पुरी कॉलोनी, इंदौर**
**मो. 8349700671**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **प्रिती पहलाज नागदेव (PRITY PAHALAJ NAGDEV)** था, विवाह उपरांत मैंने अपना नाम परिवर्तन कर **प्रिती प्रेमचंदानी पति सिद्धार्थ प्रेमचंदानी (PRITY PREMCHANDANI W/O SIDDHARTH PREMCHANDANI)** कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना पढ़ा लिखा समझा जावे एवं समस्त दस्तावेजों में दर्ज किया जावे।

**प्रिती प्रेमचंदानी**
**निवास - 73, संपत ग्रीन, कनाडिया रोड, इंदौर**

# खाटू श्याम मंदिर के पास युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.com

हीरानगर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात बदमाशों ने चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया। हीरानगर में बाइक सवार बदमाशों ने एक होटल कर्मचारी पर चाकू से करीब 4 वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस की एफआरवी टीम द्वारा पहले लाइफ केयर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज न मिलने पर उसे अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

हीरानगर पुलिस के अनुसार घायल की पहचान तेजसिंह (23) पुत्र लेखापाल निवासी लाहिया कॉलोनी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से नरसिंहगढ़ का निवासी है और लगभग 1 महीने पहले ही काम की तलाश में इंदौर आया था। वर्तमान में वह एक होटल में वेटर का काम करता है। पीड़ित ने बताया कि रविवार रात लगभग 11:30 बजे काम खत्म करके वह घर लौट रहा था। रास्ते में खाटू श्याम मंदिर में चल रही भजन संध्या को देखकर वह वहां रुक गया। रात लगभग 1 बजे जब वह पैदल घर जा रहा था, तभी 4 अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया। पीड़ित के अनुसार चारों युवकों में से 2 के पास धारदार चाकू थे। एक आरोपी ने उसके पेट पर 2 वार किए, जबकि दूसरे ने पीठ पर चाकू से हमला कर दिया। युवक के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों की मदद से घायल ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। पुलिस की डायल 100 टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल पहुंचाया। मामले में पुलिस का कहना है कि आरोपी फिलहाल अज्ञात हैं। देर रात स्थिति गंभीर होने के कारण पीड़ित के विस्तृत बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। प्रारंभिक जांच में युवक की किसी से पुरानी रंजिश की बात सामने नहीं आई है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हमला लूट के इरादे से किया गया था।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **ANUJ UMASHANKAR AGRAWAL (अनुज उमाशंकर अग्रवाल)** था, जिसे बदलकर मैंने अपना नाम **ANUJ AGRAWAL (अनुज अग्रवाल)** कर लिया है, अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

**ANUJ AGRAWAL**
**ADDRESS : R-594, R SECTOR MAIN ROAD, BEHIND JAIN TEMPLE, MAHALAXMI NAGAR, INDORE (M.P.) 452010**

**CHANGE OF NAME**

My old name was **UMESH KUMAR.** I have changed my name, my new name is **UMESH CHIMRANI S/O SURESH LAL.** I will be known by my new name.


**UMESH CHIMRANI**
**S/O SURESH LAL**
**ADDRESS : 79-B, PREM NAGAR, MANIK BAGH ROAD, INDORE (M.P.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **RAJEEV SURESH CHANDRA AGARWAL (राजीव सुरेश चंद्र अग्रवाल)** था, जिसे बदलकर मैंने अपना नाम **RAJEEV AGRAWAL (राजीव अग्रवाल)** कर लिया है, अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

**RAJEEV AGRAWAL**
**ADDRESS : KANADIA ROAD, B- 48, BRAJESHVARI ANNEX, INDORE (M.P.) 452018**

# इंदौर प्रेस क्लब में बिल्बपत्रेश्वर महादेव का हुआ भव्य रुद्राभिषेक



**चैतन्य लोक, इंदौर।** सावन महीने में सोमवार को इंदौर प्रेस क्लब परिसर स्थित प्राचीन बिल्बपत्रेश्वर महादेव मंदिर में भव्य रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मंदिर को फूलों और बेलपत्र से सजाया गया था। धार्मिक विधि-विधान के साथ, पंडित धीरेंद्र राजावत के सानिध्य में प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम, पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी, उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, महासचिव प्रदीप जोशी, सचिव अभिषेक चेंडके, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य अभिय तिवारी, श्याम कामले, विजय भट्ट, अभिषेक रघुवंशी ने मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। शिवलिंग पर पंचतत्वों जल दूध, दही, शहद, घी और अन्य पवित्र सामग्रियां अर्पित की गईं। तत्पश्चात महाआरती की गई। रुद्राभिषेक और महाआरती के समापन के बाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that **SYEDA FIZA IMRAN W/O IMRAN ALI** is applying to the Secretary to the Government of India in the Ministry of Home Affairs for Naturalization and that any person why Naturalization should not be granted should send a written signed statement of the facts to the said Secretary.

**SYEDA FIZA IMRAN**
**W/O IMRAN ALI**
**127/1, JUNA RISALA, INDORE.**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **इशारत अंसारी (ISHARAT ANSARI) पति याहाया (YAHAYA)** था, जो अब बदलकर **इशरत अंसारी (ISHRAT ANSARI) पति मो याहया अंसारी (MO YAHYA ANSARI)** हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे एवं मेरे सभी दस्तावेजों में अंकित किया जावे।

**इशरत अंसारी (ISHRAT ANSARI) पति मो याहया अंसारी (MO YAHYA ANSARI)**
**पता: 49, दौलतगंज, पक्की मस्जिद के सामने, इंदौर (म.प्र) 452007**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील भिचौलीहप्सी, जिला इन्दौर**

प्रशासनिक कक्ष क्रमांक-08

क्रमांक/551/रीडर/2026 — इन्दौर, दिनांक 29/07/2026
प्रकरण क्रमांक- 0090/अ-3/2026-27

**-:: उद्घोषणा ::-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **राधेश्याम पिता रामाजी, पार्वतीबाई बेवा रामाजी पता असरावदखुर्द, इंदौर** द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम- असरावदखुर्द तहसील भिचौलीहप्सी जिला इंदौर स्थित सर्वे नंबर 243/2 व 244/2 रकबा 0.587 हे., सर्वे नंबर 244/1/1 रकबा 0.511 हे. भूमि के बटांकन फर्द/नक्शा तरमीम हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया।

अतः इस बटांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह पेशी दिनांक **13/08/2026** तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **29/07/2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार तहसील भिचौलीहप्सी, इन्दौर**

**जाहिर सूचना**

**मकान/भूखण्ड तारण बाबद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आनंदसिंह राजपूत पिता श्री छतरसिंह राजपूत सदस्यता क्रमांक 287 निवासी 138, इदरीस नगर मूसाखेड़ी इंदौर। क्षत्रिय महाराणा प्रताप साख सहकारी संस्था मर्यादित, इंदौर (पंजीयन क्रमांक-जे.आर./आई.डी.आर/295/2013/ के सदस्य है तथा इन्होंने अपने ऋण की सुरुक्षा बतौर स्वयं के स्वामित्व का भूखण्ड/मकान/नोटरी/मूल दस्तावेज/मकान क्रमांक 138, मयूर नगर मूसाखेड़ी, इंदौर। जिसके मूल दस्तावेज तारण (इक्वीटेबल मार्डगेज) रखने की शर्त पर संस्था से कर्ज रु 3,00,000, अक्षरी रु. तीन लाख रूपये का ऋण आवेदन संचालक मण्डल की बैठक में स्वीकृत हुआ है। अतः उपरोक्त भूखण्ड/मकान पर या उसके किसी भाग पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, ट्रस्ट, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय निकाय का या किसी अन्य का किसी भी प्रकार का भार, मेन्टेनेंस, जप्ती, गिरवी, बंटवारे का हक, दान, बक्षीस, जमानत/कोर्ट जमानत, विक्रय बयाना लेख, अनुबंध आदि हो या किसी को इस व्यवहार पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से (7) सात दिन के अन्दर अपनी आपत्ति मय प्रमाण के संस्था कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के बाद नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करवाकर ऋण आवेदक सदस्य को, सदर भूखण्ड/मकान संस्था में तारण (इक्वीटेबल मार्डगेज) रखकर संचालक मण्डल द्वारा स्वीकृत ऋण की स्वीकृत राशि का नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करने पर भुगतान कर दिया जायेगा तत्पश्चात् किसी भी तरह कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। यह विदित हो।

**प्रबंधक**
**सम्पत सारडा**
**क्षत्रिय महाराणा प्रताप साख सहकारी संस्था मर्यादित, इंदौर**

**GAGAN GASES LIMITED**

**Regd:** 40, Scheme 78,Part 2, Vijaynagar, Indore, **CIN:**L24111MP1986PLC004228
**PH:**0731-3192887 gm@gagangases.com www.gagangases.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that the Share transfer register of the members shall be closed from **19.09.26 to 26.09.26** (both days inclusive) for the purpose of AGM to be held on **26.09.26** at 10.00 AM at the Regd off. Annual Report can be downloaded from **www.gagangases.com**

**Place: Indore**
**Date: 10.08.2026**

**By order of the Board-**
**Gagan Maheshwary**
**Managing Director. DIN-00320425**

**GAGAN GASES LIMITED**

**REGD. OFFICE : 40, Scheme No 78, Part II, Vijaynagar, Indore (M.P.)**

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30.06.2026**

www.gagangases.com email : gm@gagangases.com CIN : L24111MP1986PLC004228 — Rs In Lacs

| S. No. | Particulars | Quarter Ended 30.06.2026 Unaudited | Quarter Ended 31.03.2026 Audited | Quarter Ended 30.06.2025 Unaudited | Year Ended 31.03.2026 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 53.14 | 187.17 | 85.89 | 608.77 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) | 3.93 | 17.86 | -6.85 | 18.48 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 3.93 | 17.86 | -6.85 | 18.48 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 3.93 | 13.35 | -6.85 | 13.97 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprimising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax) | 3.93 | 13.35 | -6.85 | 13.97 |
| 6 | Equity Share Capital | 451.85 | 451.85 | 451.85 | 451.85 |
| 7 | Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | | -106.72 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for conituing and discontinued operations) 1. Basic 2. Diluted | 0.09<br>0.09 | 0.30<br>0.30 | -0.15<br>-0.15 | 0.31<br>0.31 |

**Notes :** The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of Quarterly Financial Results are available on the BSE website **(www.bseindia.com)** and on the Company's website **(www.gagangases.com)**

**Place : Indore**
**Date : 10.08.2026**

**For Gagan Gases Ltd**
**Gagan Maheshwary,Managing Director,**
**DIN :00320425**